हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

10 एनएमएमएस छात्रवृति परीक्षा में गोरखपुर स्कूल रहा...



10 यूथ फेस्टिवल में सीडीएलयू विद्यार्थियों ने मनवाया लोहा



## खबर संक्षेप

### मकान के ताले तोड़कर लाखों के गहने चुराये

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक मकान के ताले तोडक़र वहां से लाखों के गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 12, टोहाना निवासी कुलदीप सिंह ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह अपने काम पर चला गया था जबकि उसकी पत्नी भी अस्पताल में ड्यूटी पर चली गई थी। बाद में उसके माता-पिता भी मकान को ताला लगाकर मंदिर चले थे। दोपहर को जब वह खाना खाने के लिए घर आया तो उसने देखा कि मकान में अंदर के कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था।

### बिजली की तारें चुराने का आरोपी युवक काबू

**फतेहाबाद।** योग नगर में दो मकानों से हजारों की बिजली की तारें चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र ओमप्रकाश निवासी गढ़ी मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस बारे शहर फतेहाबाद पुलिस ने 22 जनवरी को जवाहर चौक, फतेहाबाद निवासी अनमोल सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह सुंदर नगर में अपना मकान बना रहा है जिसमें बिजली फिटिंग का काम चल रहा है।

### मंदिर में चोरी का आरोपी युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने अनाज मण्डी स्थित शिव मंदिर के ताले तोडक़र दानपात्र से नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विनोद पुत्र भगवान दास निवासी अरोड़ा कालोनी रतिया के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के पास से 1550 रुपये की नकदी, आयरन कटर और आयरन राड बरामद की है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 7 फरवरी को अनाज मण्डी निवासी विरेन्द्र कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अनाज मण्डी में शिव मंदिर है। जब उसने मंदिर को खोला तो देखा कि मंदिर और अंदर दान पात्र के ताले टूटे हुए थे।

### कारिंदों ने लगाई शराब ठेकेदार को चपत

**सिरसा।** शहर सिरसा पुलिस ने ग्रेवाल बस्ती निवासी सागर पुत्र भीमसेन की शिकायत पर शराब ठेके के कारिंदों मांगेराम व उसके जीजा पटेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सागर ने बताया कि वह हेमंत कुमार कंपनी के पास शराब ठेकों का इंचार्ज है। उनकी कंपनी का रंगड़ी रोड पर शराब ठेका है, जहां पर मांगेराम पुत्र आत्माराम निवासी कालीरावण व उसका जीजा पटेल पुत्र बलबीर निवासी रूपाणा बिश्नोइयान काम करता था। उसने बताया कि मांगेराम 19 दिसंबर की रात्रि को बिना कोई सूचना दिए ठेका को ताला लगाकर चला गया।

### खेत मजदूरों के ठिकानों पर सेंधमारी

**सिरसा।** डिंग पुलिस ने गांव कोटली में खेत में रहने वाले रविंद्र पुत्र रामवरण की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में बताया कि वह कोटली गांव निवासी केहर सिंह के खेत में मकान बनाकर रह रहे है। उसने बतायाकि उसकी मां फैक्ट्री गई हुई थी, बाप खेत में था और बच्चे स्कूल गए हुए थे। रविंद्र ने बताया कि जब दोपहर में वे घर आए तो एक कमरे का ताला टूटा हुआ मिला।

**किसान संगठन की चेतावनी : 7 दिन के अंदर खाद नहीं आई तो 8वें दिन नहला समिति कार्यालय पर लगाएंगे ताला**

# डीएपी एवं यूरिया खाद नहीं मिलने पर किसानों ने नहला पैक्स पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया, सात दिन का दिया अल्टीमेटम

- किसान नेता ओमप्रकाश मंडा ने कहा कि विभिन्न फसलों की बुवाई के समय पर हर साल खाद की किल्लत हो जाती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना।

किसानों को जरूरत के अनुसार डीएपी व यूरिया खाद नहीं मिलने से खफा किसानों ने पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के आह्वान पर वीरवार को सहकारी समिति पैक्स नहला पर एक दिन का सांकेतिक धरना दिया। धरने में मुख्य वक्ता संगठन के जिला प्रधान ओमप्रकाश मंडा थे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान कमल सिंह ने की। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह के अंदर सहकारी समिति में डीएपी एवं यूरिया खाद नहीं आई तो आठवें दिन समिति कार्यालय पर ताला लगाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। किसान नेता ओमप्रकाश मंडा ने कहा कि विभिन्न फसलों की बुवाई के समय पर हर साल खाद की किल्लत हो जाती है। क्योंकि सरकार समय रहते खाद का स्टाक नहीं करती, जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ती है। किसानों ने मांग की है कि उन्हें जरूरत के अनुसार डीएपी उपलब्ध करवाया जाए ताकि समय पर गेहूं की फसल में आवश्यकता अनुसार खाद डाली जा सके।



भूना। नहला पैक्स कार्यालय के बाहर डीएपी व यूरिया खाद की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए किसान।

उन्होंने कहा कि न तो सहकारी समितियों में खाद मिल रही है और न ही निजी दुकानों में पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है। किसानों ने अधिकारियों पर अपने चहेतों को तुरंत खाद उपलब्ध करवाने के आरोप भी लगाए है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीति के चलते खेती लगातार घाटे का सौदा हो रही है, मगर खाद की कमी के साथ-साथ फसलों के उचित भाव नहीं मिल रहे है, इसलिए किसान लगातार कर्ज में डूब रहा है। उधर पैक्स सचिव साधु राम ने बताया कि उन्होंने नहला के किसानों के लिए यूरिया एवं डीएपी खाद को लेकर डिमांड सरकार के पास भेजी हुई है। पिछले कई दिनों से सहकारी समिति में खाद नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि अगर दूसरी पैक्स सहकारी समिति में खाद मिलती है तो नहला के किसानों को अवश्य उपलब्ध करवाने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर बलवान सिंह नहला, छिंद्रपाल सिंह, महेंद्र सिंह मोचीवाली, आत्माराम, मेनपाल सिंह, जयवीर सिंह, सुरेश कुमार मुंड आदि मौजूद थे।

### अधिकारियों ने डोर टू डोर ठेकेदार के कार्यों का किया निरीक्षण

# सीएम फ्लाइंग की रतिया नपा कार्यालय में रेड, 7 कर्मचारी पाए गए गैर हाजिर

- फ्लाइंग टीम ने टेंडर का रिकॉर्ड भी लिया कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया






रतिया। कर्मचारियों की हाजिरी चैक करते हुए सीएम फ्लाइंग के अधिकारी तथा धर्म कांटे में जांच करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

शहरवासियों द्वारा नगर पालिका के डोर टू डोर ठेकेदार की शिकायतें सोशल मीडिया पर डालने के बाद वीरवार को सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने रतिया नगरपालिका कार्यालय में रेड की। सीएम फ्लाइंग की टीम ने ठेकेदार की कार्य प्रणाली का औचक निरिक्षण किया और उसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों के पास भेज दी। इस निरीक्षण के दौरान जहां सीएम फ्लाइंग अधिकारियों ने नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर डोर टू डोर ठेकेदार का रिकॉर्ड जब्त किया वहीं कर्मचारियों की हाजिरी भी चेक की जिसमें ठेकेदार के 7 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए और उसकी रिपोर्ट बनाकर कार्यालय में भेज दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनो से नगर पालिका के डोर टू डोर ठेकेदार द्वारा शहर से कचरा उठाने में लापरवाही बरती जाने पर शहर वासियों में ठेकेदार के प्रति भारी रोष पाया जा रहा था। इसको लेकर शहर वासियों द्वारा रोजाना कचरे की फोटो सोशल मीडिया पर डाली जा रही थी। इसको लेकर शहर वासियों ने नगर पालिका अधिकारियों पर कड़े आरोप भी लगाए थे और ठेकेदार की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाने की मांग की थी। शहर वासियों के अलावा पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने भी डोर टू डोर ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर धरना लगाने की चेतावनी दी थी। बताया गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के बाद आज सीएम फ्लाइंग के जांच अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम नगर का पालिका कार्यालय में डोर टू डोर ठेकेदार के कार्यों की जांच करने के लिए पहुंचे। इस दौरान टीम ने सर्वप्रथम नगर पालिका कार्यालय से ठेकेदार के टेंडर को लेकर रिकॉर्ड तलब किया।

रिकॉर्ड मिलने के बाद फ्लाइंग के अधिकारी कर्मचारियों की हाजिरी व गाड़ियों की संख्या चेक करने के लिए पहुंचे। कर्मचारियों की जांच की गई तो 7 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। बाद में सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने धर्म कांटे पर पहुंचकर पिछले दो दिन का रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिया और कुछ डंपिंग सेंटरों की भी जांच की। इस बारे में जब सीएम फ्लाइंग के अधिकारी राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की डोर टू डोर ठेकेदार के कार्य का रूटीन निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण के दौरान 7 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए हैं जबकि टेंडर का रिकॉर्ड कब्जे में लेकर पूरे मामले की गहराई से जांच की जाएगी।



सिरसा। जिला शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्य।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाध्यक्ष रवि कुमार रंजन की अध्यक्षता में विद्यालय शिक्षकों की लम्बित समस्याओं के निपटान के लिए शिक्षा अधिकारी वेद सिंह को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला महासचिव कृष्ण जैन ने बताया कि हरियाणा में विद्यालय शिक्षा एवं शिक्षकों से सम्बंधित विभिन्न समस्याएं काफी समय से लंबित हैं। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा समस्याओं को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। आगामी 22 फरवरी को जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। अगर इसके बाद भी समस्याओं का कोई समाधान नहीं होता है तो महासंघ आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार करेगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुर छाबड़ा, कोषाध्यक्ष रविंद्र सोनी, सुधीर कुमार, लखविंद्र सिंह सहित अन्य महासंघ सदस्य उपस्थित थे। महासंघ की मांग है कि नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए।

प्रदेश में रिक्त शिक्षकों के पदों पर नियमित नियुक्ति की जाए। शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए तथा सभी आश्रितों की आय 3500 रुपए मासिक से बढ़ाकर 15000 रुपए मासिक की जाए और चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए अभिभावकों की आर्थिक आत्मनिर्भता को आधार न बनाया जाए। शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए। शिक्षकों की समयबद्ध अनिवार्य पदोन्नति सुनिश्चित की जाए। पीजीटी का पदनाम बदलकर लेक्चरार किया जाए। प्रधानाचार्य का पद क्लास-2 से क्लास-1 किया जाए। नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में अनिवार्य की जाए।

# पीएमश्री स्कूल कंवरपुरा ने जीते 8 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



पीएम श्री विद्यालय कंवरपुरा के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण सहित 8 मेडल अपना दमखम दिखाते हुए हासिल किए। कंवरपुरा की प्रियंका ने सबसे लंबी छलांग लगाते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं हनी ने रिले रेस में प्रदेशभर में चौथा स्थान हासिल किया। पदक विजेता खिलाड़ियों के स्वागत में कंवरपुरा स्कूल द्वारा भव्य कार्यक्रम किया गया। वहीं गांववासियों ने भी होनहारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए ग्रामीणों ने मिलकर कुसुंभी गांव के मुख्य द्वार से इन बच्चों को खुली जीप में बैठाकर कंवरपुरा के श्रीबाला जी मंदिर तक लाया गया। बता दें कि करनाल में गत दिवस आयोजित पीएम श्री विद्यालय राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में जिले के 39 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवरपुरा से भी 10 बच्चे ने जिले की टीम में भाग लिया। खास बात यह रही कि सिरसा जिले के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में 18 मैडल जीते, जिसमें कंवरपुरा के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 3 रजत सहित 8 मैडल जीते। इस दौरानअभिमन्यु सिहाग, विक्रम लाखलाण, शंकर छिंपा, राजेंद्र राजपूत,विशाल, लक्ष्य आदि रहे।

### जानलेवा हमला, जमीन विवाद के चलते वारदात, 7 लोगों पर केस

**फतेहाबाद।** टोहाना में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसमें एक परिवार पर कथित तौर पर हमला किया गया। मामले की सूचना पर सदर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो महिलाओं सहित 7 लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 17 जनवरी की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव जमालपुर शेखां की सुरेंद्र कौर ने बताया कि आरोपी जगसीर, संदीप, मंदीप, संतोष, जसप्रीत, गुरदेव और रानी ने कथित तौर पर पीड़िता के देवर करमजीत के घर में घुसकर हमला किया। हमले में करमजीत, उनकी पत्नी अनीता और सुरेंद्र कौर घायल हुए। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने पहले स्थानीय पुलिस और फिर एसपी फतेहाबाद से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा आरोपियों ने 24 जनवरी को पीड़ित परिवार के खिलाफ ही सदर थाने में केस दर्ज करवा दिया। अंततः न्याय की आस में पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### दो छात्राओं ने पास की एनएमएमएस परीक्षा

**चोपटा।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दड़बा कलां की दो छात्राओं स्वीटी और एकता ने एनएमएस परीक्षा पास की है। पास होने वाले विद्यार्थियों को 4 वर्ष तक 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप के रूप में मिलेंगे। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया। प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि 17 नवंबर 2024 को आयोजित हुई एनएमएमएस परीक्षा सिरसा जिला के 113 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए मेरिट सूची में स्थान पाया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दड़बा कलां की स्वीटी और एकता ने परीक्षा पास करते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों को 4 वर्ष तक 12 हजार प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप के रूप में मिलेंगे।

### कोटली में दिनदहाड़े सेंधमारी नकदी और टैबलेट चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव कोटली में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है, जब घर के सभी सदस्य अपने-अपने काम पर गए हुए थे। इसी दौरान चोर घर में घुसकर नकदी और एक सरकारी टैबलेट चुराकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में रविंद्र कुमार ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे घर से गया था। जब वह 1:30 बजे वापस लौटा तो देखा कि उसके घर के एक कमरे का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि घर के अंदर रखे 8000 रुपए की नकदी और एक सरकारी टैबलेट गायक था। उसने बताया कि चोरों ने दूसरे कमरे का ताला भी तोडऩे की कोशिश की, लेकिन जब ताला नहीं टूटा तो उन्होंने दरवाजे को लात मारकर खोला और सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



सिरसा। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का निरीक्षण करते प्राचार्या।

# सीएमके में कुकिंग स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग के द्वारा कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यजन को तैयार किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने केक, बर्गर, चाऊमीन, पावभाजी, पोहा, मिल्क शेक, पनीर आदि के व्यजन आदि बनाए। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के राहुल ने प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष के कशिका ने द्वितीय व बी.कॉम प्रथम वर्ष की लक्षिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों सक्रिय रूप हर कार्यक्रम में बढ़चर भाग लेना चाहिए। इससे शैक्षणिक रचनात्मक गतिशीलता का विस्तार होता रहता है। निसंदेह हर कार्य को सीखा जा सकता हैं, बस सीखने की ललक होनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की गृहविज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. अनु कथुरिया ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में निरंतर भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को सदैव आगे आते रहना चाहिए।

**अभियान** शहर से चौथे दिन भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानों से जब्त की पॉलीथिन

# अतिक्रमण हटाकर शहर को चकाचक करने में कोई असर नहीं छोड़ रही सफाई निरीक्षकों की टीम

- शहर में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण पर चला चाबुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद





फतेहाबाद। अतिक्रमण हटाते रेहड़ी चालक तथा दुकानों के बाहर से सामान हटाते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

शहर में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने को लेकर नगरपरिषद ने इसे अभियान की बजाय नियमित प्रक्रिया में बदल दिया है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब नगरपरिषद के कर्मचारी अतिक्रमण हटाने और पॉलीथीन बेच रहे दुकानदारों पर जुर्माना न लगा रहे हों। दरअसल उपायुक्त के आदेश के बाद नगरपरिषद शहर के सौंदर्यकरण को लेकर अब काफी गंभीर दिख रहा है। इससे पूर्व नगरपरिषद के कर्मचारी मात्र औपचारिकता ही पूरी करते आए हैं। अब उच्चाधिकारियों की सख्ती माने या मीडिया में आ रही रिपोर्ट, जिसके आधार पर नगरपरिषद लगातार अभियान चलाए हुए हैं।

वीरवार को लगातार चौथे दिन नगरपरिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक महेश कुमार, एसआई राहुल कुमार, स्वच्छ भारत मिशन टीम के मुखिया सौरभ की अगुवाई में नगरपरिषद टीम शहर के पुराना बस स्टैण्ड, हंस मार्किट, पुरानी सब्जी मण्डी, फव्वारा चौक, थाना रोड, जवाहर चौक, पुरानी तहसील चौक में दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवाया वहीं कुछ सामान को कब्जे में लिया और दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इन कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर टंगे कपड़ों व बैनरों को भी हटाने का अल्टीमेटम दिया।

लाल बत्ती चौक पर पार्क के फुटपाथ पर छोले-भटूरे वालों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर हटाया गया। नगरपरिषद के कर्मचारियों ने पुरानी सब्जी मण्डी में प्रतिबंध के बावजूद बिक रहे पॉलीथीन को जब्त कर एक दुकानदार पर जुर्माना भी लगाया है। मुख्य सफाई निरीक्षक महेश कुमार का कहना है कि पॉलीथीन बेचना बैन हो चुका है। अनेक बार दुकानदारों को चेतावनी दी गई, इसके बावजूद पुरानी सब्जी में दुकानदार सरेआम पॉलीथीन बेच रहे हैं। आज एक दुकान से 6 किलो पॉलीथीन जब्त कर उस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें कि पिछले दिनों उपायुक्त मनदीप कौर ने नगरपरिषद अधिकारियों को दो टूक कहा था कि शहर में अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 8 मार्च को होंगे आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव

**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के चुनाव की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने नई कार्यकारिणी के चुनाव की तिथि घोषित कर दी है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को एसोसिएशन के चुनाव होंगे। नई कार्यकारिणी के लिए प्रधान, उपप्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। प्रधान पद के लिए 41 हजार रुपए जबकि उपप्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए 31 हजार रुपए नामांकन राशि फीस के रूप में जमा करवाने होंगे।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** गुरुद्वारा दसवीं पातशाही वाली गली में अस्पताल के बाहर से व्यक्ति का मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 19 निवासी आसिफ मलिक ने बताया कि बीती10 फरवरी की रात्रि को उसने अपना मोटरसाइकिल अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाला तो मोटरसाइकिल गायब मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक की काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

### दो युवक 20.24 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान कालांवाली में ओढां टी-प्वाइंट क्षेत्र से दो युवकों को 20.24 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ओढां टी-प्वाइंट से बस अड्डा कालांवाली की ओर जा रही थी। इस दौरान पेट्रोल पंप के सामने सडक़ पर दो युवक खड़े दिखाई दिए। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम मुंह फेर कर खड़े हो गए।

### युवक हेरोइन व 3600 रुपये की ड्रग मनी सहित काबू

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने वाल्मीकि मोहल्ला क्षेत्र से एक युवक को 5.56 ग्राम हेरोइन व 3600 रुपये की ड्रग मनी सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई पाला राम के नेतृत्व में पुलिस पार्टी वाल्मीकि मोहल्ला क्षेत्र में गली नंबर दो से जा रहे थे। इस दौरान एक युवक गली में खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक ने पुलिस की गाड़ी को देखकर तेज कदमों से चलते हुए मौके से खिसकने का प्रयास किया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दुकानदार घायल

**फतेहाबाद।** गांव बरसीन के पास एक कार की टक्कर से बाईक सवार दुकानदार घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 9 भूना निवासी राजकुमार ने कहा है कि वह दुकानदारी का काम करता है। गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आ रहा था।

### जेसीडी कॉलेज के आठ छात्रों की हुई प्लेसमेंट

**सिरसा।** जेसीडी मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल विभाग के आठ छात्रों को विभिन्न कंपनियों में इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वरिंद्र सिंह ने बताया कि सिविल विभाग के बीटेक अंतिम वर्ष के पांच छात्रों और एमटेक के दो छात्रों का विभिन्न कंस्ट्रक्शन कंपनियों में इंजीनियर के पद पर चयन किया गया है इसके अतिरिक्त तृतीय वर्ष के छात्र को भी ट्रेनिंग के लिए कंपनी द्वारा चयनित किया गया है।

### श्री बाला जी मित्र मंडल द्वारा संकीर्तन 22 को

**फतेहाबाद।**श्री बाला जी मित्र मंडल की ओर से संकीर्तन 22 फरवरी दिन शनिवार को श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला अनाजमंडी में सांय 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संकीर्तन में सालासर धाम से जय पुजारी पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में जयपुर से निशा-गोबिन्द शर्मा, दिल्ली से पुष्कर अग्रवाल बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। फूलों की होली खेली जाएगी वहीं कार्यक्रम में बाबा दरबार देखने योग्य होगा।

---

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति एवं गौरव का भी ज्ञान करवाया जाएगा

# प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त होंगे संस्कार टीचर, नए सत्र से होंगी नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। निदेशक नरेश सेलपाड़ का स्वागत करती रेखा शाक्य। फोटो :हरिभूमि

केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि देश में नई शिक्षा निति के तहत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति एवं गौरव का भी ज्ञान करवाया जाएगा। साथ ही उसे नैतिक संस्कारों के शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए बकायदा प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में संस्कार अध्यापक भी नियुक्त होंगे। वो फतेहाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। इससे पहले समाजसेविका रेखा शाक्य ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नई शिक्षा नीति में सामाजिक संस्थाओं एवं आमजन के योगदान पर भी उनसे चर्चा की। नई शिक्षा नीति के कार्यक्रम में बोलते हुए निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाओं के तहत चयनित अध्यापक का कार्य विद्यार्थियों में जहां संस्कार विकसित करना होगा, वहीं वो नैतिक शिक्षा के भी ध्वजवाहक का भी कार्य करेंगे। ये अध्यापक स्कूल एजुकेशन और साक्षरता मिशन भारत सरकार के विशेष प्रोजेक्ट के तहत मिनिस्ट्री आफ कल्चर अफेयर भारत सरकार व देश की एक नामी संस्थान के तत्वावधान में सभी प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए बकायदा सिलेबस भी तैयार किया जा रहा है। ये अध्यापक अंशकालिक होंगेए और ये हर रोज दो घंटे ही विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे। यदि सब कुछ आशानुरुप रहा तो इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। ये अध्यापक नए सत्र से स्कूलों में शिक्षा देते हुए नजर आएंगे।

### ये रहेगी शैक्षणिक योग्यता

केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ के अनुसार इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं कक्षा पास गई है। साथ ही आवेदक की आयु प्रदेश में नियुक्ति नियमों के अनुरुप 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। हालांकि एससीए एसटी या भूतपूर्व सैनिकों या उनके आश्रितों, स्वतंत्रता सैनानियों के आश्रितों को इसमें तीन वर्ष की छूट रहेगी। इसके अलावा इसके 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। निदेशक नरेश सेलपाड़ ने बताया कि चयनित प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त संस्कार अध्यापकों को महज दो घंटे ही अपनी सेवाएं देनी होगी। जिसके एवज में उन्हें 9240 रुपये के आस-पास वेतनमान दिया जाएगा। यदि एक गांव में एक स्कूल है तो उनकी डयूटी उसी स्कूल में होगी। यदि गांव में दो प्राईमरी स्कूल हैं तो अलग-अलग दिनों या एक-एक घंटा दोनों स्कूलों में सेवाएं देनी होगी।

---



सिरसा। विद्यार्थियों को एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित करते डा. कृष्ण

## विद्यार्थी एक्सीलेंस अवार्ड इन केमिस्ट्री से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चोपटा

खंड नाथूसरी चौपटा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रूपावास में केमिस्ट्री विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को एक्सीलेंस अवॉर्ड इन केमिस्ट्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार प्रवक्ता रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. कृष्ण ढाका अपनी ओर से 11वीं व 12वीं विज्ञान संकाय के उन विद्यार्थियों को देते हैं, जो स्कूल स्तर पर पूरे साल के दौरान आयोजित केमिस्ट्री टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करते है। प्रथम पुरस्कार के लिए 1 हजार रुपए व मोमेंटो तथा द्वितीय पुरस्कार के लिए 500 रुपए व तृतीय पुरस्कार के लिए 250 रुपए ईनाम के रूप में दिया जाता हैं। डॉ. कृष्ण ढाका ने बताया कि इस प्रकार की विषय आधारित टेस्ट सीरीज प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि पैदा होती है तथा प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में भी मदद मिलती है। सत्र 2024-25 में इस पुरस्कार के विजेता कक्षा 11वीं साइंस में दीक्षा प्रथम, दिव्या द्वितीय तथा रीतिका तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं साइंस में सचिन प्रथम, अक्षय द्वितीय तथा कल्पना तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह और गांव के भूतपूर्व सरपंच रामस्वरूप औलख ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रवक्ता डॉ. धर्मवीर भाटिया, विशाल बागड़ी, प्रवीण मंडल, पंकज शर्मा, संतलाल वर्मा, कृष्ण सैनी, रवींद्र कुमार, पाली राम, वासुदेव, भूप सिंह ज्याणी, सतीश कुमार, योगिता चौधरी, अनिता रानी, शारदा रानी, अध्यापक बलवंत सिंह, विकास शर्मा, केहरसिंह, नीरज सुखीजा आदि रहे।

---

## एसपी जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा



सिरसा। ग्रामीणों से संवाद करते एसपी विक्रांत भूषण।

पुलिस व पब्लिक के और अधिक मधुर संबंध स्थापित करने तथा नशे व अपराधों पर और अधिक प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस की ओर से एक अनूठी पहल शुरू की गई है। अब जिला पुलिस के अधिकारी पंचायतों तथा आमजन के साथ जनसंवाद स्थापित कर उनसे सहयोग प्राप्त कर नशे जैसी सामाजिक बुराई तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पब्लिक समन्वय बैठकों का आयोजन कर रही। इसी कड़ी के तहत वीरवार को पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण गांव सिकंदरपुर, वेदवाला तथा बाजेंका पहुंचे तथा ग्रामीणों के साथ जनसंवाद स्थापित कर उनसे सहयोग की अपील की ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त किया जा सके। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए हैं जिसके तहत नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है।

## यूथ फेस्टिवल में एसएस कॉलेज के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज. सिरसा



सिरसा। यूथ फेस्टिवल में धमाल मचाने वाले कॉलेज के विद्यार्थी।

शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज के विद्यार्थियों ने कल्चरल गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 8 से 12 फरवरी तक हिसार की ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में महाविद्यालय के छात्रों ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की टीम में भाग लेते हुए कला, संगीत, अभिनय सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत सीडीएलयू की टीम ओवरऑल रनरअप रही है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन पर सीडीएलयू से डॉ. मंजू नेहरा, डॉ. राजेश छिकारा व कॉलेज के प्रिंसीपल डा. दिलावर सिंह सहित स्टाफ सदस्यों व कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

---



फतेहाबाद। कलाकार भारत टुटेजा को सम्मानित करते स्वामी उमानंद महाराज।

### धूमधाम से मनाया गया गौरी शंकर मंदिर का वार्षिक उत्सव

**फतेहाबाद।** गौरी शंकर मंदिर का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें हरिमंदिर फर्रूखनगर से स्वामी उमानंद महाराज विशेष तौर पर पहुंचे। स्वामी उमानंद महराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि संसार से प्रेम करोगे तो सदा धोखा मिलेगा। भगवान से प्रेम करोगे तो सदा प्रेम मिलेगा। तीन दिवसीय सत्संग का आज विराम दिवस बड़ी धूमधाम से किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने होली का आनंद भी लिया। श्री गौरी शंकर मंदिर संचालक पंडित चंद्रशेखर मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी साहिब दयाल वधवा, मनोज असीजा, भारत टुटेजा, काका चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जहां 56 भोग का प्रसाद वितरित किया गया वहीं अंत में लंगर प्रसाद भी वितरित किया गया।

## कृषि प्रणाली पर जिला स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिला स्तरीय गोष्ठी में किसानों को सम्मानित करते अधिकारी।

रूट्स फाउंडेशन के द्वारा केकेबीएमएस सोसाइटी ऑफ चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड की भूमि परियोजना चलाई जा रही है, इसके अंतर्गत वीरवार को गांव दहमन में फसल विविधिकरण और स्थाई कृषि प्रणाली पर जिला स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना और किसानों की आय में वृद्धि करना था। किसान गोष्ठी में ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिसर डॉ. कृष्ण बुंदेला ने फसल विविधिकरण, अवशेष प्रबंधन और टिकाऊ कृषि प्रथाओं पर बहुमूल्य अनुभव साझा करते हुए किसानों को खेती संबंधी जानकारियां दी और सरकारी योजनाओं के बारे में डॉ. नीरज ने किसानों को जागरूक किया। किसान गोष्ठी में भूप सिंह ने धान की सीधी बिजाई करने वाले व बागबानी वाले किसानों को पौधे देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के 4 जिलों में भूमि परियोजना जींद, फतेहाबाद, हिसार और सोनीपत के 120 गांवों में काम कर रही है, जो खरीफ मौसम में पहले ही लगभग 36146 किसानों के साथ काम कर चुकी है, जिससे उन्हें इन-सीटू और एक्स-सीटू तरीकों के माध्यम से फसल अवशेषों का प्रबंधन करने में मदद मिली है।

### रेडियो की ग्रामीण विकास में अहम भूमिकाः सांगवान

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विश्व रेडियो दिवस पर एक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम मे रेडियो की पुरानी एंकर छिंद्रपाल कौर को बतौर विशिष्ट अतिथि बुलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के निदेशक प्रो. सेवा सिंह बाजवा ने की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास मे रेडियो की अहम भूमिका है। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ. अमित सांगवान ने विश्व रेडियो दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।

---

## संत शिरोमणि गुरु रविदास महान समाजसेवी थे : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। अहरवां में गुरु रविदास को बच्चों सहित श्रद्धासुमन अर्पित करते देवेन्द्र दहिया।

गांव अहरवां स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में सामाजिक समरसता के महान संत शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास जी के 648वें प्रकाशोत्सव की पूर्व बेला पर बच्चों एवं शिक्षकों ने विशेष श्रमदान के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय के प्रांगण की साफ सफाई की। इसके बाद एक जन जागरण रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सदगुरु श्री रविदास महाराज के चित्र के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर पुष्पांजली की गई। स्कूल मुखिया देवेंद्र सिंह दहिया ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संत रविदास को संत रैदास के नाम से भी जाना है। उनका जन्म काशी के गोवर्धनपुर में पूर्णिमा के दिन हुआ था। बचपन से ही वे श्री कृष्ण भगवान और श्री राम की भक्ति करने लगे थे। उनकी गिनती भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में होती है। उन्होंने अपनी त्याग,तपस्या, योग और साधना से जीवन भर अभ्यास किया और समाज में प्रचलित जाति पाति व्यवस्था, पाखंड पूजा, छुआछुत, ऊंच-नीच, असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उनकी कर्म साधना और धर्म-भावना के कारण समकालीन संत कबीर, गुरुनानक और बाबा फरीद केसमान गुरुग्रंथ साहिब वाणी में स्थान प्राप्त है। उन्होंने अपनी शिक्षाओं में कहा कि झूठ, कपट और आडम्बर का त्याग करो, दुनिया में सब जन समान है, कोई छोटा बड़ा और ऊंच नीच नहीं है। वे कहते थे मन चंगा तो कठोती में गंगा और जन्मजात मत पूछिए, का जात आरू पात ,रैदास पुत्र सब प्रभु के, कोई नहीं जात कुजात। इस अभियान में सतीश पंवार, पवन जलंधरा, सुभाष बिश्नोई, भारत गोयल, राजेंद्र सिंह, जॉर्डन आदि मौजूद।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकारों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सेमिनार को संबोधित करती एडवोकेट कमलेश कुमारी वशिष्ठ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता कमलेश कुमारी वशिष्ठ द्वारा की गई। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे अवगत करवाते हुए बताया कि हर साल 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत की महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को समर्पित है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक उपलब्धियां को सराहना और उन्हें समानता तथा सम्मान दिलाने के लिए जागरुकता फैलाना है। यह दिन महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने का संदेश देता है। यह दिन समाज में महिलाओं के सामने आने वाले चुनौतियों और असमानताओं को भी उजागर करता है। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण कुमार, नीतू रानी, सुरेंद्र कुमार, अंजू रानी आदि उपस्थित रहे।

---

**कार्यक्रम** बिजनेस कम्युनिकेशन और भाषाई निपुणता तथा मानसिक स्वास्थ्य पाठ्यक्रम का समापन

# विद्यार्थियों को कार्यक्रम में व्यवसायिक संचार का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज आफ एजुकेशन विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता।

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में आयोजित दो विशेष मूल्य वर्धित पाठ्यक्रमों का आज सफल समापन हुआ। ये पाठ्यक्रम छात्रों के शैक्षणिक, व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए थे। पहला पाठ्यक्रम 'बिजनेस कम्युनिकेशन और भाषाई निपुणता', जो कि साहित्य विभाग द्वारा संचालित किया गया, छात्रों को प्रभावी व्यावसायिक संचार और भाषाई दक्षता में पारंगत बनाने पर केंद्रित था। 6 सप्ताह की अवधि में 30 घंटे के इस पाठ्यक्रम में व्यवसायिक संचार, उन्नत लेखन कौशल, व्याकरण एवं शब्दावली और साहित्यिक अभिव्यक्ति जैसे प्रमुख विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को रिपोर्ट लेखन, व्यावसायिक पत्राचार, मौखिक प्रस्तुति, विज्ञापन लेखन, और रचनात्मक लेखन जैसी व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार किया गया। इसी के साथ, खेल एवं योगा क्लब द्वारा संचालित 'मानसिक स्वास्थ्य' पर आधारित दूसरा पाठ्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों को मानसिक संतुलन बनाए रखने, तनाव प्रबंधन, आत्म-जागरूकता और सकारात्मक मानसिकता विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। इस पाठ्यक्रम में माइंडफुलनेस, स्ट्रेस मैनेजमेंट तकनीक, योग और ध्यान, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के तरीके शामिल थे। छात्रों ने समूह चर्चाओं, ध्यान अभ्यास, केस स्टडीज और परामर्श सत्रों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के व्यावहारिक उपायों पर काम किया। समापन समारोह में प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने दोनों पाठ्यक्रमों की सराहना करते हुए छात्रों को आत्मनिर्भर और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनने के लिए इन कौशलों को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। पाठ्यक्रम प्रभारी रेखा ने बिजनेस कम्युनिकेशन के महत्व को रेखांकित किया, जबकि खेल एवं योगा क्लब प्रभारी पुनीत ने मानसिक स्वास्थ्य की अनिवार्यता पर बल दिया। दोनों पाठ्यक्रमों ने छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें आत्मविश्वास, व्यावसायिक दक्षता और मानसिक सुदृढ़ता प्रदान की।

### चेयरमैन वेद फुलां के निवास पर पहुंचे ओएसडी विरेन्द्र सिंह का स्वागत

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ऑफिसर ऑन स्पैशल ड्यूटी यानि ओएसडी विरेन्द्र सिंह बडख़ालसा वीरवार सुबह रतिया विधानसभा के गांव फुलां में पहुंचे। वह हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां निवास पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। इस मौके पर कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलकर प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सीएम नायब सिंह सैनी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनहितैषी नीतियों का ही परिणाम हैं कि दिल्ली में पार्टी को लोगों का प्रचंड समर्थन मिला है।

## खबर संक्षेप



### चोरी का सामान खरीदने के आरोप में कबाड़ी काबू

**फतेहाबाद।** शहर फतेहाबाद पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के आरोप में एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घरों में बिजली की तार चोरी मामले में एक युवक को जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर शामिल जांच करके पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में लगभग चोरी की 6 वारदाते कबूली थी और चोरी की गई तांबे की तार एक कबाड़ी को बेचने की बात भी कबूल की थी। पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने खरीदने पर कबाड़ी का काम करने वाले कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि 22 जनवरी को अनमोल सिंह पुत्र शीतल सिंह निवासी जवाहर चौक फतेहाबाद के नए मकान सुंदर नगर से बिजली फिटिंग की तार चोरी हो गई थी। शहर थाना पुलिस ने आरोपी उमेश उर्फ नैना पुत्र रमेश निवासी कालीदास कालोनी, बीघड़ रोड फतेहाबाद को जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर आई थी। आरोपी

### जिले से युवती सहित तीन लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवती सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में हंस कालोनी फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 27 साल की लडकी भोडियाखेड़ा कॉलेज में अपने दस्तावेज लेने जाने की बात कहकर घर से गई थी लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आजाद नगर निवासी एक युवक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी द्वारा नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान साहिल पुत्र रण सिंह निवासी गांव ढंढूर, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम एचसी जय सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव मताना से वापस हिसार-सिरसा बाईपास की तरफ आ रही थी तो सेक्टर 10 मोड़ के पास एक युवक पैदल आते दिखाई दिया। पुलिस ने जब पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उससे अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस जांच में जुटी है।

### चकजालू के युवक से हुआ साइबर फ्राड

**ओढां।** ओढां पुलिस ने गांव चकजालू निवासी रामदेव पुत्र रतिकुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में रामदेव ने बताया कि 8 फरवरी को उसके पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने व्हाटसअप पर एक लिंक भेजा और ऑनलाइन काम करने की एवज में पैसा देने की बात कहीं। उनकी बातों पर विश्वास करके उसने टेलीग्राम पर बनाया ग्रुप ज्वाइन कर लिया। आरोपियों के कहें अनुसार उसने काम किया। उससे विभिन्न नंबरों पर पैसे की मांग की गई। कहा गया कि पैसा न देने पर कमाई गई राशि नहीं मिलेगी। कमाए गए पैसे की निकासी के लिए उससे 78450 रुपये की मांग की गई। तब तक उससे 38860 रुपये जमा करवा लिए थे।

### स्कूल की छात्रा अंतिमा रही जिले में प्रथम, डीईओ ने किया सम्मानित

# छात्रवृत्ति परीक्षा में गोरखपुर स्कूल रहा प्रदेश में प्रथम, 18 छात्राओं ने पास की परीक्षा

- एनएमएमएस छात्रवृति परीक्षा में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एनएमएमएस छात्रवृति परीक्षा में अव्वल रही गोरखपुर की छात्राओं को सम्मानित करते डीईओ, सरपंच व स्टाफ।

एनएमएमएस छात्रवृति परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। गांव गोरखपुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 18 छात्राओं ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा विद्यालय की छात्रा अंतिमा पुत्री शमशेर सिंह ने फतेहाबाद जिले में प्रथम वहीं हरियाणा प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल की गांव और जिले का नाम रोशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने आज विद्यालय में पहुंचकर शानदार प्रदर्शन करने वाली इन छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस उपलक्ष्य में गांव में एक सम्मान रैली भी निकाली गई।

डीईओ का स्वागत करते हुए विद्यालय के मुखिया दिनेश यादव ने कहा कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई के कुशल नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में पूरे राज्य में अपना परचम लहराया है। यह उपलब्धि अध्यापकों व छात्राओं के परिश्रम का परिणाम तो है ही, इसमें ग्रामवासियों के सहयोग का भी अमूल्य योगदान है। उन्होंने सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग का भी समय-समय पर छात्राओं के मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन के लिए विशेष आभार जताया। एनएमएमएस छात्रवृति परीक्षा की तैयारी में प्रमुख योगदान देने के लिए प्रदीप बंसल मिडिल हेड व गणित अध्यापक, सत्यनारायण प्रवक्ता भूगोल, हनुमान सिंह प्रवक्ता हिंदी, पवन कुमार एसएस मास्टर व दीक्षा रानी, टीजीटी अंग्रेजी व अन्य स्टाफ सदस्यों को विशेष बधाई दी। गांव के सरपंच मंदीप योगी व जिला पार्षद जसमेर सिवाच ने भी इस शानदार उपलब्धि पर गांव की बेटियों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य रमेश शास्त्री, शिवकुमार शर्मा, सुरेश कुमार, दिलीप सिंह, बसंत, लक्ष्मी धारनिया, प्रविता, सुनीता, प्रमोद गर्ग, ममता, नीलम, अनीता, पवन शर्मा अनिल लिपिक, जसवंत, पवन, जगतपाल, कमलेश, शीला, उषा, सुषमा, सुनीता, प्रियंका, कुलदीप, बिजेंदर आदि मौजूद रहे।



**रतिया।** एसडीएम जगदीश चंद्र का सम्मान करते हुए लोक चेतना मंच के पदाधिकारी।

# लोक चेतना मंच ने किया एसडीएम को सम्मानित

हरिभूमि न्यूजःरतिया

लोक चेतना मंच द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रतिया के पूर्व एसडीएम जगदीश चंद्र शामिल हुए जबकि अध्यक्षता मंच के चेयरमैन डॉ. नैब सिंह मंडेर ने की।

मंच की गतिविधियों के बारे में महासचिव कृष्ण चित्रकार ने बताया कि मंच द्वारा 1984 से लेकर लगातार समाज सेवा, साहित्य सेवा एवं शिक्षक के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के अनुरूप कार्य किए जाते हैं। नैब सिंह मंडेर ने पूर्व एसडीएम जगदीश चंद्र के जीवन व क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर बिना भेदभाव किए गए कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा, विधानसभा व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव में निष्पक्षता, शांति बनाए रखना तथा सभी वर्गों को सम्मान देने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शक के रूप में रतिया क्षेत्र को उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

मंच द्वारा एसडीएम जगदीश चंद्र को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र व कृष्ण चित्रकार द्वारा बनाई गई विशेष पेंटिंग देकर सम्मानित किया। पूर्व एसडीएम जगदीश चंद्र ने मंच द्वारा दिए गए सम्मान के लिए उनका आभार जताया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष कैप्टन गुरमुख सिंह भुल्लर, कोषाध्यक्ष हैप्पी सिंह सेठी, सूबेदार ज्ञान सिंह ढोट, हरप्रीत सिंह भुलर, प्रवक्ता बेअन्त सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# यूथ फेस्टिवल में सीडीएलयू के विद्यार्थियों ने मनवाया लोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल रनर-अप खिताब सीडीएलयू की टीम।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ-वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल सेकेंड रनर-अप का खिताब हासिल किया। इसी प्रकार, फाइन आर्ट्स इवेंटस तथा डांस इवेंटस में विश्वविद्यालय की टीम फरुट रनर-अप रही। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मियों ने युवा कल्याण निदेशालय और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। युवा कल्याण निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजू नेहरा ने बताया कि हिसार के ऑम स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा बीती 8 फरवरी से बीती 12 फरवरी के बीच आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ-वेस्ट ज़ोन यूथ फेस्टिवल के सभी इवेंटस में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उन्होंने तीन इवेंट्स में प्रथम स्थान, चार इवेंट्स में द्वितीय स्थान, दो इवेंट्स में तृतीय स्थान, दो इवेंटस में चौथा स्थान और पांच इवेंटस में पांचवां स्थान हासिल किया। फोक ऑर्केस्ट्रा, फोक डांस और कार्टूनिंग इवेंटस में विश्वविद्यालय की टीम पहले स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग, वेस्टर्न वोकल सोलो, माइम और मेहंदी प्रतियोगिता में टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार, क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल सोलो और ग्रुप सॉग वेस्टर्न में टीम तीसरे स्थान पर रही।

इसके अतिरिक्त, क्लासिकल डांस और इंस्टालेशन प्रतियोगिता में टीम ने चौथा स्थान, जबकि क्लासिकल इंस्टरुमेंटल सोलो, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, लाइट वोकल इंडियन, स्किट और स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया।



**फतेहाबाद।** भोडिया खेड़ा कॉलेज में आयोजित विस्तार व्याख्यान को संबोधित करती युवा कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. मंजू नेहरा। फोटो : हरिभूमि

### लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर गर्ल्स कॉलेज में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**फतेहाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विस्तार विख्याता के तौर पर चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा से युवा कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. मंजू नेहरा ने शिरकत की। इस व्याख्यान का उद्देश्य समाज में महिलाओं और पुरुषों के प्रति समानता, सम्मान और न्याय की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में बताया गया कि लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए हमें बचपन से ही सही शिक्षा और जागरूकता की आवश्यकता है तथा छात्राओं को रोजमर्रा के जीवन में मौजूदा लैंगिक पूर्वधारणाओं से अवगत करवाया गया और बताया गया कि उन्हें कैसे दूर किया जाए। डॉ. मंजू नेहरा ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यस्थलों, स्कूलों और परिवारों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी अधिकारों और सरकारी नीतियों के बारे में जागरूकता भी बहुत आवश्यक है, जिससे महिलाओं, पुरुषों और अन्य लिंग समुदायों को समान अवसर मिल सकें। प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए संदेश दिया कि आज के समय में लैंगिक संवेदनशीलता एक महत्वपूर्ण विषय है, जो हमें यह समझने में मदद करता है कि समाज में सभी व्यक्तियों को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश, गगनदीप कौर, डॉ. रीटा, रमन, प्रीति आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### जेईई मेंस में दयानंद स्कूल ने लहराया परचम

**चोपटा।** खंड चोपटा के दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने जेईई मेंस की परीक्षा में अद्वितीय सफलता प्राप्त की। विद्यालय प्राचार्या शिखा गोदारा ने बताया कि सुमित कुमार ने इस परीक्षा में 99.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की छात्रा दीक्षा ने 97.17 अंक, अभिषेक खन्ना ने 90.38 प्रतिशत अंक, राम गोपाल ने 90 प्रतिशत तथा पारस बंसल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन सभी बच्चों ने दयानंद स्कूल में ही 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ इस उपलब्धि को हासिल किया, जो अपने आप में गौरव की बात है। विद्यालय परिवार द्वारा आज प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और इन बच्चों को 12वीं की बोर्ड परीक्षा तथा जे ई ई एडवांस के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर स्कूल अध्यक्ष भरत सिंह कासनिया, प्रबंधक विजेंद्र गोदारा, प्राचार्या शिखा गोदारा, उपप्राचार्या स्वाज शर्मा, बच्चों के अभिभावक तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### आठ किसानों के ट्यूबवेल के तार चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना क्षेत्र में ट्यूबवेल की तार चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला गांव कन्हड़ी का है, जहां मंगलवार रात को चोरों ने आठ किसानों के खेतों में लगे ट्यूबवेल की तार काटकर चोरी कर ली। चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों में काफी रोष है। पीड़ित किसानों में महा सिंह, राजेंद्र सिंह, राजा राम, सुखपाल, संजय, जगदीश और महेंद्र सिंह शामिल हैं। मामले की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किसानों के अनुसार एक ट्यूबवेल के तार की कीमत लगभग पांच हजार रुपए से अधिक है। जिससे कुल मिलाकर चालीस हजार रुपए का नुकसान हुआ है। चोरों ने तार चोरी के साथ-साथ खेतों में बने कमरों से चीनी और चाय पत्ती जैसा सामान भी चुरा लिया। घटना का पता तब चला, जब सुबह किसान सिकंदर सिंह अपने खेत पहुंचे। टोहाना शहर थाना प्रभारी देवीलाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गांव सिंबल वाला के पास 13 किसानों के खेतों से भी तार चोरी की घटना हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भय का माहौल है।

### निष्पक्ष चुनाव के लिए राजनीतिक दल करें सहयोग

**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय में नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने का कि नगर परिषद सिरसा के आम चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से करवाने के लिए राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है। राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करते हुए चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में अपना पूर्ण सहयोग करें। इसके साथ ही दूसरों को भी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए प्रेरित करें।

**वीरवार को भी कोई नामांकन नहीं** : नगर परिषद सिरसा के आम चुनाव के लिए वीरवार को भी कोई नामांकन पत्र नहीं भरा गया। इससे पहले मंगलवार को भी कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगी। इस अवधि के दौरान अवकाश को छोडकर किसी भी कार्य दिवस में उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।



### क्रेसण्ट में मनाई गुरु रविदास जयंती

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में 'कर्म मनुष्य का धर्म है' थीम के साथ गुरू रविदास जयंती का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को विकसित करना एवं उन्हें गुरू रविदास जी द्वारा दिखाए गए मार्ग से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत गुरू रविदास जी की वंदना से हुई। छात्र हरमनदीप ने अपने सुविचार के माध्यम से गुरू रविदास जी के जीवन व उनके उपदेशों के बारे में बताया। छात्रा कंगना ने अपने सुव्याख्यान के माध्यम गुरू रविदास की शिक्षाओं-समानता, एकता व सत्यनिष्ठा का वर्णन किया। छात्रा अनुष्का ने प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी कविता के सस्वर वाचन से गुरू रविदास जी के विचारों व हृदयस्पर्शी शब्दों का वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पूनम ने सभी विद्यार्थियों को गुरू रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह जयंती न केवल एक पर्व थी बल्कि एक सीख भी, जिसने सभी को गुरू रविदास जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# आदर्श भारती स्कूल भूना में सीनियर्स को दी विदाई



**भूना।** आदर्श भारती स्कूल भूना में वीरवार को कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के अपने सीनियर्स को विदाई पार्टी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई, अध्यक्ष राजेश खिचड़ तथा राकेश खिचड़ ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता प्रिंसिपल कृष्ण धारनिया ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को परीक्षा में नकल न करने की शपथ दिलाई। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को विभिन्न टाइटल दिए, उनके साथ नृत्य किया और उपहार भेंट किए। सीनियर्स ने भी अपने शिक्षकों को टाइटल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।उपरोक्त विदाई समारोह ने सीनियर्स के दिलों में स्कूल की यादों को और अधिक गहरा कर दिया। आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में साल भर के प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। बेस्ट स्टूडेंट व मिस्टर फेयरवेल राहुल व मिस फेयरवेल रितिका को अवार्ड से सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट पुरस्कार से पलक व मोस्ट टैलेंटेड स्टूडेंट का पुरस्कार साहिल और प्रियंका को मिला। मोस्ट एक्टिव स्टूडेंट का खिताब आशीष और खुशी को मिला।जबकि सिंपलीसिटी बॉय और गर्ल में पीयूष और जॉनसी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

### गोसेवा करने से 100 तीर्थों का पुण्य प्राप्त होता हैं : पंडित भीखाराम शर्मा

**फतेहाबाद।** गौमाता की सेवा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है और धन-दौलत की प्राप्ति होती है। गौमाता की सेवा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। यह बात गांव रामसरा स्थित श्रीकृष्ण गौ अनुसंधान पीठ गौशाला में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी दिव्य गौ कथा एवं श्री नरसी कथा के दौरान गौसेवा का महत्व बताते हुए कथावाचक पंडित भीखाराम शर्मा, गौसेवक रावतसर ने कही। बता दें कि गांव रामसरा में 11 फरवरी से 17 फरवरी तक दिव्य गौकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ किया गया। गौकथा के दौरान ग्रामीणों को गौ की महिमा से अवगत करवाते हुए पंडित भीखाराम शर्मा ने कहा कि गौ सनातन धर्म की जननी है। कलयुग में गौसेवा करने से ही मनुष्य का कल्याण निश्चित है। गौ को साधन नहीं साध्य समझे। उन्होंने कहा कि आज के युग में गौ माता की महिमा को नहीं समझा जा रहा और गौ माता को घर से निकाला जा रहा है जोकि बेहद चिंता का विषय है।



**फतेहाबाद।** गांव रामसरा में गौ महिमा का गुणगान करते कथावाचक पंडित भीखाराम शर्मा, रावतसर।

### स्टेम मेले में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को स्टेम मेले का आयोजन हुआ। मेले में विद्यार्थियों द्वारा कमलेश रानी टीजीटी अध्यापक के मार्गदर्शन में अपने साइंस व मैथ के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। मेले में मुख्यातिथि के रूप में प्रधानाचार्य मदन मलिक ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों में साइंस में मैथ विषय के प्रति रुचि बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद चमन भारतीय ने कहा कि ऐसे समारोह, विज्ञान मेलों से विद्यार्थियों की ज्ञान वृद्धि होती है। मॉडल मेकिंग में छात्र नंदन, शिवम व आदित्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया गया। इन विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने उपहार देकर सम्मानित किया गया।




**रतिया।** गांव सरदारेवाला स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### सरदारेवाला स्कूल रहा रतिया ब्लाक में अव्वल पांच विद्यार्थियों ने पास की एनएमएमएस परीक्षा

**रतिया।** गांव सरदारेवाला के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सहयोग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा यानि एनएमएमएस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। के गांव राजकीय माध्यमिक विद्यालय के 5 छात्राओं ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ सदस्यों ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन पांचों सफल विद्यार्थियों को चार साल तक हर महीने 1 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इससे वे अपनी पढ़ाई के लिए आवश्यक कॉपी-किताबें खरीद सकेंगे और इसके लिए माता-पिता पर निर्भर नहीं रहेंगे। स्कूल के मुख्याध्यापक रोहताश ने बताया कि यह परीक्षा हर साल आयोजित की जाती है। हर विद्यालय से कक्षा आठवीं के विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग लेते हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा कुल 48 हजार रुपये की स्कॉलरशिप दी जाती है। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सरदारेवाला स्कूल रतिया ब्लाक में प्रथम स्थान पर रहा है और 5 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। मुख्याध्यापक ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई दी और बच्चों को कड़ी मेहनत करवाने वाले स्टाफ सदस्यों की मेहनत का फल बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दी जाए ताकि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह के परिणाम को दोहरा सके।

**कार्यक्रम** सीडीएलयू में हुआ महाराजा सूरजमल जयंती पर कार्यक्रम

# महाराजा सूरजमल की वीरता के आगे मुगल व अंग्रेज थर-थर कांपते थे : वीरेंद्र बडखालसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** महाराजा सूरजमल ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को सम्मानित करते हुए

भारतीय जाट विकास मंच द्वारा महाराजा सूरजमल जयंती पर बृहस्पतिवार को सीडीएलयू के ऑडिटोरियम हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बडखालसा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों की जयंतियां मनाकर युवा पीढ़ी को हमारे गौरवमयी इतिहास से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अपने जीवन में जो वीरता दिखाई उसके आगे मुगल व अंग्रेज कांपने लगे थे। उन्होंने एक महान योद्धा के अलावा एक कुशल शासक के तौर पर अपने शासन को चलाया। इससे पूर्व भारतीय जाट विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने कहा कि मंच द्वारा पिछले दस सालों से महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी में देश भक्ति का जज्बा पैदा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस बार युवाओं व विद्यार्थियों को प्रेरित करने के मकसद से महाराजा सूरजमल की जयंती भी मनाई गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महाराजा सूरजमल की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग को मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से मानकर न केवल जाट समाज का बल्कि 36 बिरादरी का दिल जीता है। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि एचसीएस राजेश खोथ ने कहा कि हमें महाराजा सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि हम राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकें। भारतीय जाट विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट हनुमान गोदारा ने बताया कि इस बार बीती 28 जनवरी को जिलेभर में महाराजा सूरजमल ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महाराजा सूरजमल ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिमला कसवां, गुरभेज सिंह ढिल्लों, अमरीक सिंह राही, अंग्रेज सिंह औलख, रणबीर बांगड़वा, आत्माराम सिहाग, रामजीलाल धेतरवाल, शीशपाल झोरड़, मदन कसवां, नंदलाल बेनीवाल जमाल, रणधीर कड़वासरा, दलेल सिंह मोर, रामकिशन खोथ, इंद्रपाल कसवां, महेंद्र घणघस, मुकेश लाखलान, रितु घणघस, विनोद नागर, भाजपा नेत्री मीरा देवी व अन्य मौजूद रहे।